

# आंधी तूफान और बारिश से गिरा 2 मंजिला मकान

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 7 अप्रैल।** सेंवढ़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बघावली में तेज आंधी तूफान और बारिश से पीड़ित जसंवतसिंह गुर्जर उर्फ मल्ल का दो मंजिला मकान ढह गया। जिससे जसवंत सिंह गुर्जर को भारी नुकसान हुआ है। आंधी तूफान से मकान गिरने के बाद अब तक पीड़ित को प्रशासन से कोई मदद नहीं मिली। सोमवार को पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने ग्राम बघावली पहुंच कर पीड़ित जसवंत सिंह गुर्जर के छतिग्रस्त मकान का निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़ित को प्रशासन से सहायता दिलाने की बात कही है।

## फसलों को हुआ भारी नुकसान

पिछले दो दिनों से हुई ओलावृष्टि अतिवृष्टि और तेज आंधी और तूफान से किसानों को पूरी तरह बर्वाद कर दिया। किसानों की गेंहू, चना, सरसो, उड़द और मूंग की फसलों सहित फल सब्जी आदि का भारी नुकसान हुआ। फसलों के नुकसान से किसान आर्थिक संकट में फस गया। जिले के अधिकांश गांवों में विगत दिवस हुई भीषण ओलावृष्टि ने किसानों की खड़ी फसलों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। इस प्राकृतिक आपदा से अन्नदाता किसानों के सामने गहरा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कई किसानों के घरों में इसी माह शादी-विवाह जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, जिसके लिए उन्हें आर्थिक संसाधनों की आवश्यकता थी, लेकिन फसल नष्ट होने से उनकी उम्मीदें टूट गई हैं। किसानों की निगाहें अब जिला प्रशासन की राहत सहायता पर टिकी हुई हैं। जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी बराबर सर्वे कर रहे है और किसानों को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दे रहे है।



## मप्र शिक्षक संघ ने सेवढ़ा विधायक अग्रवाल को सौंपा ज्ञापन

**दतिया, 7 अप्रैल।** सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दिए गए टी ई टी निर्णय पर पुनर्विचार याचिका लगाने एवं विधायी हस्तक्षेप हेतु मंगलवार को सेवढ़ा के विधायक प्रदीप अग्रवाल को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की जिला दतिया कार्यकारिणी द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश पैंकरा के नेतृत्व में ज्ञापन सोपा गया एवं विधायक से अनुरोध किया गया कि वह अपने कार्यालय द्वारा इस पत्र को मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन को हस्तांतरित करें जिससे कि सरकार पर यह दबाव बना सके कि वह उच्चतम न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध पुनर्विचार याचिका दायर करें। इस अवसर पर प्रांतीय सचिव करण सिंह परिहार, संभाग अध्यक्ष शैलेष खरे, जिला सचिव राजीव लोचन शर्मा जिला कोषाध्यक्ष अशोकपुरी, भगवत दांगी, दीपक दुबे, अरविंद गोस्वामी, सुनील दिसोरिया, राजेंद्र प्रजापति, भावेश वर्मा, राजेश सेन, अशोक राणा, रामकुंडल यादव आदि उपस्थित रहे।

# पीली कोठी की जगह बनेगा आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

## 77 लाख की लागत से होगा निर्माण



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 7 अप्रैल।** सेवढ़ा के सदर बाजार स्थित वर्षों पुरानी पीली कोठी की जगह अब आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा। करीब 77 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस कॉम्प्लेक्स नगर परिषद अध्यक्ष आशा गोविंद नागिल ने विधिवत भूमिपूजन कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजय दीक्षित सहित पार्षद एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूजन कार्यक्रम वैदिक रीति से संपन्न कराया गया, जिसके बाद जनप्रतिनिधियों ने फावड़ा चलाकर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष आशा नागिल ने कहा कि यह परियोजना नगर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कॉम्प्लेक्स बनने से न केवल शहर का स्वरूप आधुनिक होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य को छह माह में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दौरान पार्षद रामकुमार सेन, राजेंद्र परिहार, पवन हरिया, बलराम सिंह कुशवाह सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 7 अप्रैल।** थाना बडौनी पुलिस द्वारा कट्टे से फायरिंग कर मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। पुलिस ने बताया कि 5 अप्रैल को फरियादी नवेंद्र पाल पिता मेहरबान पाल निवासी ग्राम घूघसी द्वारा थाना बड़ौनी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि खेत पर ट्रैक्टर चलाने को लेकर गांव के हरभजन पाल, सुनील पाल, रोहित पाल, संतराम पाल से विवाद हो गया। विवाद के दौरान आरोपियों द्वारा गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की गई तथा देशी कट्टे से फायर किया गया, जिससे फरियादी को चोटें आई एवं उसकी जान को खतरा उत्पन्न हुआ।फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बडौनी में आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दतिया द्वारा आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास करते हुए 7अप्रैल को हरभजन पिता संतराम पाल निवासी घूघसी, सुनील पिता संतराम पाल निवासी घूघसी, रोहित पिता केशव पाल निवासी घूघसी, संतराम पिता बाबूलाल पाल निवासी घूघसी को आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कट्टा एवं राउंड जप्त किया। आरोपीयों को न्यायालय में पेश किया गया।

## राज्य स्तरीय खेल वृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**दतिया, 7 अप्रैल।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश द्वारा जानकारी देते हुये जिला खेल अधिकारी अरविन्द सिंह राणा नें बताया कि अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रूपये, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को 08 हजार रूपये एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 06 हजार रूपये खेल वृत्ति राशि प्रदान किये जाने का प्रावधान है। वर्ष 2025-26 की खेल वृत्ति हेतु आवेदन 31 मई 2026 तक स्वीकार किये जा सकेंगे। खेल वृत्ति के लिये आवेदन कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी स्टेडियम ग्राउण्ड दतिया से प्राप्त किये जा सकते हैं। 31 मई 2026 के पश्चात प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।



# केंद्र सरकार की योजना का लाभ गांव-गांव पहुंचे : कुशवाहा

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 7 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के आवाहन पर गांव बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत आज मंगलवार को दतिया विधानसभा मंडल उदगुवा के ग्राम नौनेर में गांव चलो अभियान के चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत माता और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके पश्चात ग्रामवासियों ने कार्यक्रम के अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

इसके पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा नें ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कहा केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और उन्होंने कहा की हमारी सरकार लगातार राष्ट्र के कल्याण के लिए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है केंद्रीय एवं प्रदेश की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ सीधे अंतिम छोर के व्यक्ति को मिले इस निमित्त ग्रामीण जनों से संवाद किया और कार्यकर्ताओं से कहा ग्राम की सभी गलियों में निवासरथ नागरिकों से संपर्क में रहे इसके पश्चात ग्राम चलो अभियान में उपस्थित ग्राम वासियों को भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी ने कहा भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है सर्व समाज का विकास करते हुए आगे बढ़ रही है और भारतीय जनता पार्टी में ही अंतिम छोर का कार्यकर्ता बड़ा मजबूत कार्यकर्ता होता है कार्यक्रम का संचालन बूथ अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा ने किया कार्यक्रम का आभार भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिराम बघेल द्वारा किया गया।

# डीपी में शॉर्ट सर्किट से गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 7 अप्रैल।** सेंवढ़ा विधानसभा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह मंगलवार को ग्राम भररोली में आगजनी से गेहूं की फसल में हुए नुकसान को देखने पहुंचे।

इस अवसर पर पीड़ित किसानों ने श्री सिंह को चर्चा में बताया कि को खेत में लगी डीपी से निकली चिंगारी से खेतों में खड़ी गेहुं की पकी फसल में आग लग गई जिससे किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है।बताया जा रहा है लगभग 40 बीघा गेहुं की फसल आग से जल का नष्ट हो गई है। श्री सिंह ने मौके पर



राम नारायण गुर्जर, पप्पू गुर्जर, लक्ष्मी नारायण पटेल, पातीराम जाटव, कमलेश दुबे,रतिराम कुशवाहा, राम किशन मुदगिल आदि के खेतों में आगजानी से हुए नुकसान को देखा एवं नुकसान का सर्वे करने पहुंचे पटवारी व राजस्व दल से चर्चा कर किसानों को गेहुं की फसल में हुए नुकसान का उचित मुआबजा दिलाने की बात कही।

## सभी पर कृपा करते हैं भगवान : शास्त्री

**इंदरगढ़, 7 अप्रैल।** यदि जीवन का कल्याण ओर मोक्ष का का मार्ग प्राप्त करना है। कथा हमें जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त कर जीवन के सही मूल्यों को बताती है। कथा का आयोजन सेंवढा जनपद के पूर्व बृहाम्ण समाज अध्यक्ष बाँके बिहारी शर्मा के सानिध्य में बृहाम्ण समाज के जन सहयोग से भगवान परशुराम मंदिर निर्माण की द्वतीय वर्षगाँठ के उपलक्ष्य मे आयोजित की जा रही है। जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य रामबाबू शर्मा, संजय शर्मा, पवन पाठक, अमरदीप शर्मा, तनुराग राजौरिया सहित बडी संख्या में महीला ,पुरुष श्रद्धालु भक्त शामिल रहे।

## जिलाधीश ने जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याऐं

**दतिया, 7 अप्रैल।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने जन सुनवाई में निखलेश प्रजापति ने आवेदन दिया कि प्रार्थी द्वारा रावतपुरा कॉलेज से चार वर्षीय नर्सिग का कोर्स किया था जिसमें से प्रार्थी को तीन वर्ष की छात्रवृत्ति मिल गई परंतु प्रार्थी को आज दिनांक तक चतुर्थ वर्ष की छात्रवृत्ति नहीं मिली। छात्रवृत्ति न मिलने के कारण प्रार्थी द्वारा चतुर्थ वर्ष की फीस जमा न होने के कारण बीएसएसी नर्सिग का रजिस्ट्रेशन कराने में काफी परेशानी हो रही है। कामता प्रसाद अहिरवार बड़ौनी ने आवेदन दिया कि प्रार्थी को आवास की प्रथम किश्त आ चुकी थी। पार्षद अशोक खटीक द्वारा कहा जा रहा है तुम्हारी किश्त अपात्र होने के कारण वापस लौट गई है।

# टीईटी परीक्षा के विरोध में आज निकालेगी पैदल रैली

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 7 अप्रैल।** बुधवार को शाम 5 बजे दतिया जिले के तीनों तहसीलों के सभी शिक्षक संगठनों के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी एवं शिक्षक तथा शिक्षिकाओं के द्वारा सामूहिक रूप से संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आज दतिया शहर में काली पट्टी बांध कर टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में हाथों में तख्तियां लेकर पैदल रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। विरोध प्रदर्शन में अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, सीटू यूनियन संघ पी.यू.एम.यू. शिक्षक संघ, मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस संघ, मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, आजाद अध्यापक संघ भाग लेंगे।

रैली सह ज्ञापन एकत्रीकरण शाम 4:45 एकत्रीकरण का स्थान मां पीतांबरा पीठ के मुख्य द्वार के सामने रैली प्रारंभ का समय - शाम 5 बजे रैली मां पीतांबरा पीठ के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर, राजगढ़ चौराहा, भैरव मंदिर, तिगैलिया, टोनाल, बड़ा बाजार, किला चौक, छोटे बाजार, बिहारी जी मार्ग, तिगैलिया, भैरव मंदिर, राजगढ़ चौराहा से होते हुए पुनः मां पीताम्बरा पीठ के मुख्य द्वार के सामने दतिया प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा ज्ञापन सौंपकर रैली सह ज्ञापन का समापन किया जाएगा। संयुक्त मोर्चा के सभी जिलाध्यक्षों ने जिले के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से रैली में परिवार सहित आने की अपील की है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह में बीपीएल कार्डधारक ही हो सकेंगे लाभान्वित

**दतिया।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना के अंतर्गत योजना का लाभ उन कन्याओं को मिलेगा जिनके अभिभावक या कन्या स्वयं गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करती हो तथा उनका बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन पूर्ण हो। सामूहिक विवाह सम्मेलन साल में चार वार आयोजित किया जायेगा।

उक्त योजना में 49 हजार रूपये की सहायता राशि वधू के खाते में डायरेक्ट ट्रांसफर की जायेगी एवं 6 हजार रूपये सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन की व्यवस्थाओं पर व्यय किये जायेंगे। सामूहिक विवाह में 11 जोड़ों से लेकर अधिकतम 200 जोड़ों तक सम्मिलित हो सकेंगे। सामूहिक विवाह आयोजन में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं एवं सम्पन्न और सक्षम व्यक्तियों का सहयोग भी प्राप्त किया जायेगा।

## नर्सिंग ऑफीसर निलंबित

**दतिया, 7 अप्रैल।** श्रीमती नीतू कुमरावत नर्सिग ऑफीसर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इन्दरगढ़ को 2 अप्रैल 2026 को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। जिसका जबाव नर्सिग ऑफीसर द्वारा 6 अप्रैल को प्रस्तुत किया था। श्रीमती कुमरावत द्वारा प्रस्तुत जबाव संतोषजनक नहीं पाया गया। इस प्रकार श्रीमती नीतू कुमरावत नर्सिग ऑफीसर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इन्दरगढ़ का उक्त कृत्य पदीय दायित्वों में घोरल लापरवाही, उदासीनता, अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है जो म.प्र. सिविल आचाण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। अतः कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े द्वारा आदेश जारी कर नार्सिग ऑफीसर श्रीमती कुमरावत को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण व अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

## यूपीएससी में चयनित विश्वजीत का सेवढ़ा हुआ अभूतपूर्व सम्मान

**सेंवढ़ा, 7 अप्रैल।** सेंवढ़ा अनुभाग के ग्राम दिगुवा में जन्मे विश्वजीत गुप्ता यूपीएससी परीक्षा 2025 में 67वीं रैंक हासिल करने के बाद पहली बार अपने गृहग्राम दिगुवां पहुंचे। गांव में पूजा अर्चना के बाद वह सेंवढ़ा आए जहां गहोई समाज एवं सामाजिक संस्था विकास शिक्षा प्रसार समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने विल्सन पब्लिक स्कूल पहुंचे जहां गहोई वैश्य समाज के साथ नगर के गणमान्य लोगों ने उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक मुनेंद्र शेजवार अशोक कुमार गुप्ता, उमा देवी, सरोज गुप्ता, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. प्रियंका गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सिद्धपुरुषों, संतों, महात्माओं के दर्शन से मानव के पाप नष्ट हो जाते हैं : गुरु शरण महाराज

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 7 अप्रैल।** जिस तरह चन्द्रमाँ शरद ॠतु की गर्मी सोख लेता है, ठीक उसी प्रकार सिद्ध पुरुषों, संतो, महात्माओं के दर्शन से मानव के पाप नष्ट हो जाते है। यह भी संयोग है कि संतों का समागम पण्डोखर धाम महोत्सव की दिव्यता ओर भव्यता बढा रहा है।



उक्त बात पण्डोखर धाम पर छठवें दिन मंगलवार को श्री श्री 1008 श्री अनंत बौद्ध चेतन महाराज यूरोप एवं अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक देवकी नंदन ठाकुर की आगवानी करते हुए पण्डोखर पीठाधीश्वर संत गुरुशरण महाराज ने कही। इस दौरान धाम के आचार्य उमाशंकर देवलिया, मुकेश गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने पण्डोखर बालाजी महाराज सहित धाम परिसर में स्थित सभी देवी देवताओं के दर्शन किये। इस मौके पर श्रीमद्भागवत कथा

आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास पंडित विनोद शास्त्री उरई आगरा वालों द्वारा श्री कृष्ण की अनेक बाल लीलाओं का वर्णन किया एवं वृंदावन से आए माही शर्मा एंड ग्रुप द्वारा भक्ति युक्त भजनों एवं विभिन्न प्रकार के बृज नृत्यों का प्रदर्शन किया। बुधवार को दमोह से पधारे जित्तू खरे बादल और ग्रुप द्वारा बुंदेली राय गायन की प्रस्तुति संस्कृतिक मंच से होगी एवं 9 अप्रैल को जिले के प्रसिद्ध बुन्देली फाग गायक राजेन्द्र सिंह गुर्जर अपनी प्रस्तुति देंगे।


## कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल ग्वालियर (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्व/2026 ग्वालियर, दिनांक 07/02/2026

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रसारित किया जाता है कि श्यामबाबू मित्तल पुत्र श्री पूरनचन्द्र मित्तल निवासी घोरपड़े का बाड़ा दौलतगंज लश्कर जिला ग्वालियर की वैध आरामशीन को श्रीइसाब खान पुत्र श्रीमुनीर खान निवासी नई बस्ती, शंकरपुर ग्वालियर (म.प्र.) द्वारा उक्त आरामशीन को श्री बालकृष्ण वर्मा पुत्र श्री विद्याराम वर्मा, निवासी चार शहर का नाका ग्वालियर की भूमि ग्वालियर विकास प्राधिकरण, यातायात नगर के भूखण्ड क्र. 159 जो किराये पर ली है. पर स्थापित करना चाहता है। उक्त आरामशीन का नामांतरण/स्थानांतरण करने के संबंध में यदि किसी भी वारिसदार को कोई आपत्ति है अथवा आरामशीन की वसीयत बनाई गई हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपना लिखित आवेदन पत्र सुसंगत अभिलेख के साथ कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल ग्वालियर को प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि उपरांत कोई भी प्राप्त आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

वनमंडलाधिकारी
वनमंडल सामान्य ग्वालियर



## कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)

### निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 35/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र) / वर्ष 2025-26 भोपाल, दिनांक 31/03/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसारट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | ई. एम.डी राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2026_PWDRB_496015_1 | उज्जैन | पुल कार्य | उज्जैन तिराहा से नागूखेड़ी चौराहा देवास मार्ग पर पुराने रेल्वे समपार क्रमांक-29, कि.मी. 41/3-7 पर निर्मित टू-लेन आर.ओ.बी. के समानांतर अतिरिक्त टू-लेन रेल्वे ओव्हर ब्रिज का निर्माण इलेक्ट्रिक कार्य सहित। | द्वितीय | 2089.95 | केवल ऑन-लाईन |
| 2. | 2026_PWDRB_496016_1 | शिवपुरी | पुल कार्य | शिवपुरी जिले में मिहावरा व दोनी के बीच सिंध नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | चतुर्थ | 1768.45 | केवल ऑन-लाईन |
| 3. | 2026_PWDRB_496017_1 | रायसेन | पुल कार्य | रायसेन जिले के अंतर्गत भोजपुर- बंगरसिया मार्ग के कि.मी. 2/6 पर बेतवा नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य | तृतीय | 1530.45 | केवल ऑन-लाईन |
| 4. | 2026_PWDRB_496019_1 | खरगोन | पुल कार्य | खरगोन जिले के ग्राम माकड़खेड़ा से पीपलगोन रोड वेदा नदी पर रपटा के स्थान पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य। | द्वितीय | 1374.93 | केवल ऑन-लाईन |
| 5. | 2026_PWDRB_496020_1 | नरसिंहपुर | पुल कार्य | नरसिंहपुर जिले अंतर्गत ग्राम हीरापुर से जुगपुरा के बीच हिरन नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | प्रथम | 1326.58 | केवल ऑन-लाईन |
| 6. | 2026_PWDRB_496021_1 | शाजापुर | पुल कार्य | शाजापुर जिले के दास्ताखेड़ी से वजीरपुर खेड़ा के मध्य कालीसिंध नदी पर पहुँच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य | द्वितीय | 1166.81 | केवल ऑन-लाईन |
| 7. | 2026_PWDRB_496022_1 | राजगढ़ | पुल कार्य | राजगढ़ जिले के ग्राम पंचायत बगा में ग्राम बगा से सोहनपुरा के रास्ते में ग्राम फत्तुखेड़ी से पिपलोदी मार्ग में नेवज नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | द्वितीय | 939.90 | केवल ऑन-लाईन |
| 8. | 2026_PWDRB_496023_1 | नरसिंहपुर | पुल कार्य | नरसिंहपुर जिले अंतर्गत ग्राम सुआतला बिल्हरा के मध्य सगरा नाला पर पहुँच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य | प्रथम | 722.63 | केवल ऑन-लाईन |
| 9. | 2026_PWDRB_496024_1 | डिण्डोरी | पुल कार्य | डिण्डोरी जिले के गाडासरई बछरगांव मार्ग में चकरार नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | चतुर्थ | 557.76 | केवल ऑन-लाईन |
| | | | | कुल योग | | 11477.46 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 21/04/2026 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल

G-11149/26



## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दतिया (म.प्र.)

क्र./ई-निविदा/2026/4390-91 दतिया, दिनांक 24-03- 2026.

### संक्षिप्त विज्ञप्ति

### ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना/2026-27 (अनुबंध दिनांक से एक वर्ष हेतु)

जिला दतिया में स्वास्थ्य विभाग (कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दतिया) के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 के लिये स्वास्थ्य संस्थाओं में किराये पर वाहन लिये जाने हेतु मोबिलिटी सर्विस और स्पोर्ट स्टाफ के लिये आउटसोर्स एजेन्सी के चयन हेतु अनुबंध दिनांक से एक वर्ष हेतु वार्षिक दर पर अनुबंध किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदायें ई-निविदा प्रणाली आधारित म.प्र. शासन द्वारा संचालित ई-टेंडरिंग बेवसाईट www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है निविदा प्रपत्र ई-वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर नियत दिनांक से डाउनलोड किया जा सकेगा एवं ऑनलाईन किया जा सकेगा एवं ऑनलाईन नियम दिनांक से ऑनलाईन निर्धारित शुल्क ऑनलाईन जमा कर निविदायें क्रय की जावेंगी। विभिन्न प्रकार की निविदाओं के संबंध में निविदा नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में वर्णित रहेंगी। ऑनलाईन निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है :-

| S. No. | Online Tender Id | Tender Description | Online Tender Fees | Publishing Date | Download/Sale started date | Prebid Meeting date | Submission started date | Submission End date | Technical Bid opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2026_DHS_496225 | Mobility Services | 2000 | 13-04-2026 At 10:30 HRS | 13-04-2026 At 11:00 Hrs | 20-04-2026 At 17:30 Hrs | 20-04-2026 At 17:30 Hrs | 06-05-2026 At 17:30 Hrs | 07-05-2026 At 17:30 Hrs |
| 2 | 2026_DHS_496226 | Man Power Services | 2000 | 13-04-2026 At 10:30 HRS | 13-04-2026 At 11:00 Hrs | 20-04-2026 At 17:30 Hrs | 20-04-2026 At 17:30 Hrs | 06-05-2026 At 17:30 Hrs | 07-05-2026 At 17:30 Hrs |

**नोट :-** 1. निविदाओं में किसी भी प्रकार का संशोधन आवश्यक होने पर ई-टेंडरगि बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा। इसकी पृथक से (ई-मेल/पत्र के माध्यम से) सूचना प्रसारित नहीं की जावेगी निविदाकार द्वारा स्वयं की ई-टेण्डरिंग लॉगिन आईडी के माध्यम से संबंधित निविदा में संशोधन को देखा जा सकेगा। 2. निविदाएँ ऑनलाईन ही मान्य की जावेगी। 3. निविदाओं के संबंध में नियत दिनांकों में निविदाओं की कार्यवाही पूर्ण न होने पर अथवा शासकीय अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस में निविदा प्रक्रिया की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी। 4. निविदा की दिनांक व समय से संबंधित सूचना ऑनलाईन साईड www.mptenders.gov.in पर जो दिनांक व समय दिया जाएगा वही सभी निविदाकारों के लिये मान्य होगा।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला दतिया (म.प्र.)

G-11164/26